न्यायालय माननीय अध्यक्ष राजस्व मण्डल ग्वालियर केंप भोपाल म0प्र0।

PBR-16

निगरान प्र0क0 3381/16

डालचंद कुर्मी पुत्र स्व0 मिट्ठूलाल कुर्मी आयु–65 वर्ष ग्राम वनडोली तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म0प्र0। ..................................आवेदक

..................................................विरूद्ध..................................................

भगवान सिंह उर्फ प्रीतम सिंह पुत्र स्व0 हीरालाल कुर्मी आयु– 55 वर्ष निवासी ग्राम बूढ़ा गंज (गैरतपुर)तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म0प्र0 ।...अनावेदक

–:निगरानी धारा–50 म0प्र0भू0रा0सं0 आवेदक द्वारा प्रस्तुत :–

आवेदक माननीय न्यायालय अपर आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल अपील प्र0क–741/अपील/2015–16 भगवान सिंह उर्फ प्रीतम सिंह विरूद्ध डालचंद मे पारित आदेश दिनांक– 8/9/2016 से दुखित होकर निगरानी प्रस्तुत करता है।

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

(डालचन्द / भगवानसिंह)

प्रकरण कमांक निगरानी 3381 –पीबीआर / 16

जिला रायसेन

| स्थान तथा दिनांक | कार्यवाही तथा आदेश | पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 27–9–2016 | आवेदक के विद्वान अधिवक्ता द्वारा ग्राह्यता पर प्रस्तुत तर्कों पर विचार किया गया । अपर आयुक्त के आदेश दिनांक 8–9–16 की सत्यप्रतिलिपि का अवलोकन किया गया । अपर आयुक्त द्वारा यह निष्कर्ष निकालते हुये प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विवाद का समाधान मौके पर उसके वास्तविक कब्जे एवं नामान्तरण हेतु अपनाई गई प्रकिया से हो सकेगा, कब्जे के संबंध में यथास्थिति बनाये रखते हुये अनुविभागीय अधिकारी गैरतगंज द्वारा पारित आदेश दिनांक 27–8–2016 का कियान्वयन आगामी तिथि तक स्थगित किया गया है जिसमें प्रथमदृष्टया कोई अवैधानिकता अथवा अनियमितता परिलक्षित नहीं होती है । फलस्वरूप यह निगरानी आधारहीन होने अग्राह्य की जाती है ।<br>अध्यक्ष | |